प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 17.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज सिरोही जिले के दौरे पर–आबू रोड़ में आंतरिक जागृति से आत्म सशक्तिकरण विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ करेंगे।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा –केन्द्र सरकार की 'विकासोन्मुखी नीतियां' उद्योगों को नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं।
- प्रदेश में गिवअप अभियान के तहत अब तक करीब साढे सत्रह लाख अपात्र लोगों ने खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम हटवाया।
- राज्य में तेज गर्मी का असर बढा–कई स्थानों पर हीटवेव के हालात।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज सिरोही जिले के आबू रोड़ में आंतरिक जागृति से आत्म सशक्तिकरण विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ करेंगे। ब्रह्माकुमारी संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में चार दिन का ये राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देशभर से तीनों सेनाओं के अधिकारी, जवान, आईटीबीपी, सीआईएसएफ के जवान भाग लेंगे। इस दौरान ध्यान और योग पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

......

कल रात उदयपुर पंहुचने पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री का डबोक हवाई अड्डे पर स्वागत किया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद मदन राठौड़ सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जैसलमेर दौरे पर रहेंगे। वे ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को बडी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री पोकरण क्षेत्र के भिनाजपुरा में 975 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन करेंगे। श्री शर्मा बाड़मेर के उत्तरलाई एयरपोर्ट से हेलीपेड भिनाजपुरा–पोकरण पहुंचेगें। मुख्यमंत्री का इसके बाद आबू रोड जाने का कार्यक्रम है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि उद्योग और वाणिज्य वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। श्री बिरला ने कल नई दिल्ली में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 120वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की 'विकासोन्मुखी नीतियां' उद्योगों को नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं। श्री बिरला ने कहा कि मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, गति शक्ति और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टरों के विकास जैसे प्रमुख कार्यक्रम पूरे देश में औद्योगिक और वाणिज्यिक बुनियादी ढांचे का मजबूत ताना–बाना बुन रहे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस पर कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया है। इससे पहले केंद्र ने शीर्ष अदालत द्वारा उठाए गए तीन बिंदुओं पर अपनी दलीलें तैयार करने के लिए और समय मांगा था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ इन याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। शीर्ष अदालत इस मामले पर आज दोपहर में फिर सुनवाई करेगी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी आर गवई के नाम की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति गवई सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और उनके नाम की सिफारिश केन्द्रीय कानून मंत्रालय को की गई है। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को समाप्त हो जाएगा।
खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से चलाये जा रहे गिवअप अभियान के तहत अब तक करीब साढे सत्रह लाख अपात्र लोगों ने खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम स्वेच्छा से हटा लिया है।

इससे राज्य सरकार को हर वर्ष 324 करोड़ रू. के राजस्व की बचत होगी। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कल जयपुर में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना से नाम हटवाने वाले संपन्न व्यक्ति मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना का लाभ भी नहीं ले सकेंगे। श्री गोदारा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा पोर्टल के फिर से शुरू होने के बाद से अब तक 19 लाख 70 हजार नए लाभार्थी योजना में जोडे जा चुके हैं। उन्होंने स्वतः खाद्य सब्सिडी नहीं छोड़ने वाले अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को राशन वितरण में अनियमिता बरतने वाले राशन डीलरों पर कार्रवाई करने को भी कहा।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि संग्रहालयों में मौजूद बेशकीमती कलाकृतियों का संरक्षण बहुत जरूरी है। उन्होंने कल जयपुर स्थित पर्यटन भवन में बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, अलवर, भरतपुर, माउन्ट आबू और आहड़ के संग्रहालयों के संरक्षण के लिये किये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कलाकृतियों का डिजिटल डेटा तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने संग्राहलयों में कैमरे लगाने को भी कहा। उन्होंने प्राथमिक रूप से राज्य के चुनिंदा आइकॉनिक म्यूजियम की मरम्मत के लिए केन्द्र सरकार को ग्रांट के वास्ते प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए।

सवाई माधोपुर के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में आगामी 5 दिनों के लिए गणेश मंदिर जाने वाले दर्शनार्थियों का प्रवेश वर्जित किया गया है। मुख्य वन संरक्षक अनूप के आर ने कल बाघ के हमले में बालक की मौत की घटना के बाद इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि गणेश मंदिर जाने वाले पैदल मार्ग पर बाघ का मूवमेंट होने के कारण तत्काल प्रभाव से प्रवेश वर्जित किया गया है।

राज्य में तेज गर्मी का असर लगातार बढ रहा है। दिन और रात के तापमान में बढोतरी के साथ हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में दिन का सबसे अधिक तापमान बाडमेर में 45 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से साढे 6 डिग्री अधिक है। 17 शहरों में दिन का पारा 40 से 44 डिग्री सैल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। जैसलमेर में झुलसाने वाली गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित है। हमारे संवाददाता ने बताया कि गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोगों का हाल बेहाल है।

......

मौसम विभाग ने आने वाले तीन चार दिनों में राज्य के पश्चिमी सीमावर्ती जिलों में अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री दर्ज होने की संभावना व्यक्त की है। कई भागों में हीटवेव और कहीं–कहीं तीव्र हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। वहीं पूर्वी राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र और जयपुर तथा भरतपुर संभाग में भी आज और कल अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच दर्ज होने की संभावना है।